**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 24.08.2026**

## थाना कविनगर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 4 मोबाइल फोन व 2 मोटर साइकिल बरामद।

**कार्यवाही का विवरणः-** दिनांक 24.08.2026 को शान्ति व्यवस्था चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व तलाश वांछित अभि0 के दौरान तथा मुखर्जी पार्क के पास कुछ व्यक्ति एक क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल के पास खडे थे। पुलिस टीम को देखर अभियुक्त भागने लगे। भागने का कारण पूछा तो बोले की ये मोटरसाइकिल चोरी की है। अभियुक्त 1.सोनू उर्फ ईब्राहिम पुत्र आसमोहम्मद निवासी देहरा थाना धौलाना जिला हापुड उम्र 25 वर्ष 2. सिराजुद्दीन पुत्र ननूआ निवासी देहरा थाना धौलाना जिला हापुड उम्र 25 वर्ष 3. सतीश पुत्र सुभाष निवासी सैदपुर बैरी थाना शिकारपुर जिला बुलन्दशहर उम्र 30 वर्ष को मुखर्जी पार्क के पास से चौकी औद्योगिक क्षेत्र कविनगर कमि0 गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही तत्परता से सुनिश्चित की जा रही है।

### पूछताछ का विवरणः-

अभियुक्त सोनू उर्फ ईब्राहिम पुत्र आसमोहम्मद ने पूछताछ में बताया कि साहब यह मो0सा0 जो हमसे बरादम है इस मोटरसाइकिल को हम तीनों ने गौर सिटी गौतमबुद्ध नगर से चोरी की है और दूसरी मोटरसाइकिल जो छतिग्रस्त हो गयी थी उसे छिपाकर रख दिया था आज हम तीनों उसी मोटरसाइकिल को लेने आये थे। हम तीनो से बरामद मोबाइल फोनों में से एक फोन मैने तथा सिराजुद्दीन ने पिलखुआ से, अन्य फोन दिनांक 22/8/2026 को लाल कुआ गाजियाबाद से ओटो मे बैठे व्यक्तियो से छीना था। अन्य दोनों अभियुक्त सतीश और सिराजुद्दीन ने भी अभियुक्त सोनू की बात का समर्थन किया।

### अभियुक्त का नाम पता-

1. सोनू उर्फ ईब्राहिम पुत्र आसमोहम्मद निवासी देहरा थाना धौलाना जिला हापुड उम्र 25 वर्ष
2. सिराजुद्दीन पुत्र ननूआ निवासी देहरा थाना धौलाना जिला हापुड उम्र 25 वर्ष
3. सतीश पुत्र सुभाष निवासी सैदपुर बैरी थाना शिकारपुर जिला बुलन्दशहर उम्र 30 वर्ष

### बरामदगी

1. 04 मोबाईल (रेडमी रंग सफेद , ओप्पो रंग सफेद, रेडमी रंग काला 4.ओप्पो रंग हरा
2. दो मोटरसाइकिल

### गिरफ्तार करने वाले टीमः-

थाना कविनगर पुलिस टीम जनपद गाजियाबाद

## थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत चेकिंग के दौरान अवैध नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से कुल अवैध 09 अल्प्राजोलम टैबलेट के पत्ते कुल 1275 टैबलेट बरामद।

दिनांक 23.08.2026 को थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत चेकिंग के दौरान अवेध नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाला अभियुक्त प्रशान्त उर्फ तिलक पुत्र विनोद कुमार निवासी एफ-373ए नन्दग्राम थाना नन्दग्राम जनपद गाजियाबाद , उम्र 29 वर्ष को 45 फुटा हिण्डन विहार थाना नन्दग्राम क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से कुल 1275 अल्प्राजोलम टैबलेट्स बरामद हुआ। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना नन्दग्राम पर अभियुक्त के विरूद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण–**

अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं मोहन नगर बस अड्डे से चोरी-छिपे अल्प्राजोलम की गोलियाँ लेकर आता हूँ तथा राह चलते लोगों को अधिक दामों पर बेच देता हूँ तथा जो रूपये मिलते है, उससे अपना गुजारा करता हूँ।आज भी मै राह चलते लोगों को ये नशीली गोलियाँ बेचने के लिए जा रहा था कि आपने मुझे पकड लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

प्रशान्त उर्फ तिलक पुत्र विनोद कुमार निवासी एफ-373ए नन्दग्राम थाना नन्दग्राम जनपद गाजियाबाद उम्र 29 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

09 अल्प्राजोलम टैबलेट के पत्ते कुल 1275 टैबलेट बरामद।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-**

अभियुक्त के विरुद्ध थाना नन्दग्राम पर उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में एनडीपीएस एक्ट का 01 अभियोग व थाना कोतवाली गाजियाबाद पर 01 अभियोग एनडीपीएस एक्ट संबंधीत कुल02 अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम।